प्रेषक,

निदेशक
मत्स्य विभाग,
उ0 प्र0 लखनऊ।

सेवा में,

1. समस्त उप निदेशक मत्स्य, उ0 प्र0।
2. समस्त सहायक निदेशक मत्स्य,/
मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मत्स्य पालक विकास अभिकरण, उ0प्र0।

संख्याः /स्था0शा0/1-4(77) दिनाँकः 19 फरवरी, 2014

विषयः-<u>चतुर्थ श्रेणी(समूह-घ) के कर्मचारियों को तृतीय श्रेणी(समूह-ग) के निम्नतम श्रेणी के लिपिकीय पदों (कनिष्ठ सहायक) पर पदोन्नति किये जाने के संबंध में।</u>

महोदय,

उपरोक्त विषय के संबंध में अवगत कराना है कि विभाग में निदेशालय एवं क्षेत्रीय स्तर के रिक्त लिपिक वर्गीय समूह-ग के निम्नवत् श्रेणी के कनिष्ठ सहायक के रिक्त पदों पर पदोन्नति की कार्यवाही की जानी है। अतएव आपसे अपेक्षा की जाती है कि उत्तर प्रदेश अधीनस्थ कार्यालय लिपिक वर्गीय समूह-ग के निम्नतम श्रेणी के पद (पदोन्नति द्वारा भर्ती) नियमावली, 2001 के प्राविधानानुसार अपने मण्डल/जनपद के अन्तर्गत विभाग में पदस्थ ऐसे चतुर्थ श्रेणी (समूह-घ) के कार्मिकों, जो हाईस्कूल अथवा उसके समकक्ष योग्यता तथा टंकण ज्ञान रखते हो एवं जिन्होने उक्त पद पर पॅाच वर्ष की निरन्तर सेवा पूर्ण कर ली हो अथवा इन्टरमीडिएट अथवा उसके समकक्ष योग्यता तथा टंकण ज्ञान रखते हो एवं जिन्होने उक्त पद पर पॅाच वर्ष की निरन्तर सेवा पूर्ण कर ली हो को अपने स्तर से सूचित करके नियत समय के अन्दर इच्छुक कार्मिकों के आवेदन-पत्र संलग्न प्रारूप पर स्वप्रमाणित समस्त शैक्षणिक अभिलेखों सहित प्राप्त कर परीक्षणोपरान्त अग्रिम कार्यवाही हेतु विगत 10 वर्षो की चरित्र प्रविष्टि सहित इस कार्यालय को प्राथमिकता के आधार पर अग्रसारित करने का कष्ट करें। उक्त संबंध में आवेदन-पत्र इस कार्यालय को प्राप्त होने की अन्तिम तिथि दिनाँक 10-03-2014 निर्धारित है। उक्त तिथि के बाद कर्मचारियों से प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेगें।

**<u>संलग्नक-आवेदन पत्र का प्रारूप।</u>**

भवदीय,

(डा0 राम राज)
उप निदेशक मत्स्य(मु0),
कृते निदेशक मत्स्य, उ0 प्र0 लखनऊ।

संख्याः 759 /स्था0शा0/ दिनाँकः उक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. मत्स्य निदेशालय, उ0 प्र0 लखनऊ में पदस्थ समस्त चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को इस आशय से प्रेषित कि उक्त शैक्षणिक योग्यता एवं टंकण ज्ञान रखने वाले इच्छुक कर्मचारीगण अपने आवेदन पत्र संलग्न प्रारूप पर निर्धारित अवधि के अंदर प्रशासनिक अधिकारी (मु0) को उपलब्ध करा दें।
2. प्रशासनिक अधिकारी (मु0)।
3. श्री अंशुमान सिंह वेब आफिसर/कनिष्ठ सहायक मुख्यालय को विभागीय वेब साइट पर डालने हेतु।
4. निदेशक मत्स्य उ0 प्र0 के वैयक्तिक सहायक मुख्यालय।
5. निदेशालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

19/2/2014

(डा0 राम राज)
उप निदेशक मत्स्य(मु0),
कृते निदेशक मत्स्य, उ0 प्र0 लखनऊ।

9
21/2/2014

प्रारूप

## मत्स्य विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ

## चतुर्थ श्रेणी(समूह–घ) से लिपिक वर्गीय समूह–ग के निम्नतम श्रेणी के पदों (कनिष्ठ सहायक) पर पदोन्नति हेतु आवेदन पत्र

स्व प्रमाणित पास पोर्ट साइज की फोटो

1. नाम –श्री / श्रीमती / कु0–..............................................

2. पिता / पति का नाम–श्री–..............................................

3. जाति–..............................................

4. वर्तमान पता–..............................................

5. स्थायी पता–..............................................

6. जन्म तिथि (अंको / शब्दो में)..............................................

7. विभाग में चतुर्थ श्रेणी के पद पर प्रथम नियुक्ति की तिथि.........................
पद नाम..............................

8. वर्तमान पदस्थता स्थान / कार्यालय..............................................

9. शैक्षणिक योग्यता–..............................................

10. टंकण ज्ञान संबंधी अभिलेख (यदि कोई हो)......................................

11. अन्य कोई विशेष योग्यता..............................................

दिनॉकः–अग्रसारण अधिकारी की संस्तुति एवं हस्ताक्षर
पद नाम मोहर सहित

कर्मचारी के हस्ताक्षर
नाम–
पद नाम–

नोटः–1. क.सं. 6, 9, 10, एवं 11 से संबंधित साक्ष्यों की स्व प्रमाणित छायाप्रतियॉ भी संलग्न करें।

2. क.सं.–6 से 08 की प्रविष्टियों का मिलान सेवा पुस्तिका / अभिलेखों से करके ही अग्रसारण अधिकारी द्वारा अग्रसारित किये जायें।